# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–10 मई 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रदेश में लोकसभा चुनाव के अंतिम चार चरणों के लिए चुनाव प्रचार हुआ तेज। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, बसपा प्रमुख मायावती और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कीं जनसभाएं।
- भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी लोकसभा क्षेत्र से नामांकन से पूर्व पार्टी ड्रोन शो के माध्यम से बतायेगी सरकार की उपलब्धियां।
- चुनाव के छठे चरण में प्रदेश की 14 सीटों के लिये नाम वापसी की अंतिम तिथि हुई समाप्त : सातवें चरण के लिये नामांकन प्रक्रिया जारी।

**और**

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज एक दिवसीय दौरे पर पहुंचेंगे अयोध्या । श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के करेंगे दर्शन।

**********

लोकसभा चुनाव के तीन चरणों में प्रदेश की छब्बीस संसदीय सीटों पर मतदान पूरा होने के बाद चार चरणों में शेष बचे 54 लोकसभा क्षेत्रों में राजनीतिक दलों का प्रचार अभियान तेज हो गया है। इसी क्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कल पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में फतेहपुर और चित्रकूट में जनसभाओं को संबोधित किया। श्री नड्डा ने कहा कि एक समय उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य था लेकिन आज मोदी और योगी के नेतृत्व में यह देश के अग्रणी राज्यों में से एक है। इसके बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के साथ लखनऊ में श्री नड्डा ने शाम को  लखनऊ, उन्नाव, मोहनलालगंज और रायबरेली निर्वाचन क्षेत्रों के वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखीमपुर खीरी और सीतापुर में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कल बहराइच, धौरहरा और लखीमपुर खीरी लोकसभा क्षेत्रों में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाएं कीं। सपा प्रमुख ने कहा कि सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था, लेकिन सरकार ने किसानों को बाजार के भरोसे छोड़ दिया है।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कल रायबरेली संसदीय क्षेत्र में प्रचार किया। उन्होंने कहा कि जहां जहां भी कांग्रेस की सरकार बनी है, हमने अपने वादे पूरे किये हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कल कन्नौज में जनसभा कर पार्टी प्रत्याशी को जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने गलत नीतियां अपनाईं, जिससे वो केंद्र और प्रदेश सरकार से बाहर हुई।

**********

प्रदेश में आज हाई प्रोफाइल नामांकन और हाई वोल्टेज प्रचार का दिन है प्रस्तुत है हमारे संवाददाता की रिपोर्ट..........

***यूपी के दो लड़कों की जोड़ी आज एकसाथ सियासी संग्राम  में उतरेगी। इस चुनाव प्रचार के दौरान पहली बार समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी आज संयुक्त रूप से कन्नौज, कानपुर और लखनऊ में राजनीतिक रैलियों को संबोधित करेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर और बहराइच जिलों में रैलियों में हिस्सा लेंगे, जबकि भाजपा नेता और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गाजीपुर निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार पारसनाथ राय के नामांकन में भाग लेंगे। बाद में वह सीतापुर और श्रावस्ती में रैलियों को संबोधित करेंगे।***

***दूसरी ओर आज कई दिग्गज नेता अपना पर्चा भरेंगे। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और वाराणसी से पार्टी उम्मीदवार अजय राय आज अपना नामांकन दाखिल करने वाले हैं, जबकि केंद्रीय मंत्री और चंदौली से भाजपा उम्मीदवार डॉ. महेंद्र नाथ पांडे भी अपना नामांकन दाखिल करेंगे। गाजीपुर से बीजेपी उम्मीदवार पारसनाथ राय और बलिया से नीरज शेखर भी अपना नामांकन आज ही दाखिल करेंगे।***

**********

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार बतौर प्रत्याशी वाराणसी लोकसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल करेंगे। श्री मोदी के नामांकन से पूर्व भाजपा ड्रोन शो के जरिये लोगों को विकास कार्यों के बारे में जानकारी दे रही है। हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट......

***लोकसभा के हो रहे चुनाव के कम में वाराणसी  संसदीय क्षेत्र में सातवें और अंतिम चरण में चुनाव होने हैं यहां से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भाजपा के उम्मीदवार के रूप में 14 मई की सुबह नामांकन करना प्रस्तावित है। इसके पूर्व वह 13 मई को वाराणसी पहुंचकर एक भव्य रोड शो करेंगे,जिसमे हर वर्ग की भागीदारी के साथ साथ विभिन्न जगहों पर विभिन्न प्रांतों की वेशभूषा के साथ लोग उनका स्वागत करेंगे, लगभग पांच किलोमीटर के इस रोडशों में लघु***

*भारत की तस्वीर होगी। वहीं भाजपा की तरफ से ड्रोन शो के माध्यम से बनारस में अब तक हुए विकास कार्यों का जहां प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं, यह बताया जाएगा कि अपनी काशी पुरातन संस्कृति को ओढ़े हुए आधुनिकता की दहलीज पर किस तरह तेजी से बढ़ रही है। 9 मई से 12 मई तक 15 मिनट के इस ड्रोन शो को गंगा आरती के बाद शुरू किया जाएगा। सातवें और अंतिम चरण के चुनाव  के लिए वाराणसी में सारे दल अपनी जोर आजमाइश करेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह।*

**********

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में प्रदेश की 13 सीटों पर 13 मई को चुनाव होना है। इसमें सपा के प्रभाव वाली इटावा की महत्वपूर्ण सीट भी शामिल है। इस सीट पर भाजपा पिछले दो लोकसभा चुनावों से जीत रही है और इस बार पार्टी ने मौजूदा सांसद रामशंकर कठेरिया को फिर से प्रत्याशी बनाया है। वहीं सपा से जितेंद्र दोहरे और बसपा से हाथरस की पूर्व सांसद सारिका सिंह बघेल चुनावी मैदान में हैं। इनके अलावा चार अन्य प्रत्याशी भी चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

**********

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में प्रदेश की 14 सीटों के लिये नाम वापसी की अंतिम तिथि कल समाप्त हो गई। छठे चरण में सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकर नगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, भदोही और मछलीशहर संसदीय सीट के अलावा बलरामपुर की गैसड़ी विधानसभा उपचुनाव के लिये छब्बीस मई को मतदान होगा।

**********

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिये प्रदेश की 13 सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया जारी है। नामांकन के तीसरे दिन कल गोरखपुर संसदीय क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी जावेद अशरफ ने अपना नामांकन दाखिल किया। वहीं कुशीनगर लोकसभा सीट से पूर्व मंत्री और राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के प्रत्याशी स्वामी प्रसाद मौर्य और निर्दलीय प्रत्याशी अतुल ने अपना नामांकन पत्र जमा  किया। इसके अलावा मऊ की घोसी लोकसभा सीट पर पांच, महराजगंज सीट से दो प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया। इस चरण के लिए चौदह मई तक नामांकन पत्र दाखिल किये जा सकेंगे। पन्द्रह मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नामांकन वापसी की आखिरी तिथि सत्रह मई है। इस चरण में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर, और राबर्ट्सगंज लोकसभा क्षेत्रों के लिए एक जून को मतदान होगा।

**********

लोकसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी ने कल प्रदेश की दो और संसदीय सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। बसपा ने कुशीनगर लोक सभा सीट से शुभनारायण चौहान और देवरिया से सन्देश यादव उर्फ मिस्टर को अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

**********

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज शाम अयोध्या जाएंगे और रामलला का दर्शन पूजन करेंगे। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद यह उनकी पहली यात्रा है। उपराष्ट्रपति और उनकी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ दोपहर बाद करीब तीन बजे अयोध्या पहुंचेंगे। वह अयोध्या में श्रीराम लला मंदिर, हनुमानगढ़ी मंदिर और कुबेर टीला का दौरा करेंगे। अपने एक दिवसीय अयोध्या दौरे के दौरान उपराष्ट्रपति सरयू घाट पर आरती में भी शामिल होंगे।

**********

अक्षय तृतीया का पर्व आज श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस पर्व को स्वयंसिद्ध मुर्हूत माना गया है। मान्यता है कि यह पर्व अपने नाम के अनुरूप शुभ फल प्रदान करता है। अक्षय तृतीया को ही भगवान परशुराम का जन्म हुआ था। इसलिए इस दिन को परशुराम जयंती के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश के सभी शहरों में जुलूस और भंडारों के आयोजन किये गये हैं। गोरखपुर के जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश ने गोरखपुर महानगर क्षेत्र के कक्षा बारह तक के सभी विद्यालयों को आज अक्षय तृतीया के उपलक्ष्य में बन्द रखने का आदेश दिया है।

**********

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट की परीक्षा में एक या दो विषयों में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिये कम्पार्टमेंट और इम्प्रूवमेंट परीक्षा के लिये आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गयी है। विद्यार्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर इकतीस मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**********